प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. रांची में प्रभु जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा आज, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी होंगे शामिल, भीड़ नियंत्रण के लिए कड़े प्रबंध।
2. झारखंड को मिली एक और ट्रेन की सौगात, गोड्डा से अजमेर तक चलेगी नयी साप्ताहिक ट्रेन, सांसद निशिकांत दुबे ने रेल मंत्री के प्रति जताया आभार।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में आरोपी एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने के सरकार के आदेश को किया रद्द, जेएसएससी पर लगाया दो लाख रूपये का जुर्माना।
4. राज्य में अब तक सामान्य से 92 प्रतिशत अधिक हुई मानसून की बारिश, मौसम विभाग ने आज भी गुमला, खूंटी और सिमडेगा समेत छह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।
5. प्रथम अंडर–18 राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड की बालक और बालिका टीम घोषित, कल से हरिद्वार में होंगे मुकाबले।

**********************

रांची में प्रभु जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा आज निकाली जायेगी। कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। रथ यात्रा के साथ ही धुर्वा में नौ दिनों तक लगने वाले मेले की भी शुरुआत हो जायेगी। जिला और पुलिस प्रशासन की ओर से भीड़ नियंत्रित करने के लिए खास इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा व्यवस्था में 700 जवानों को तैनात किया गया है। इस बीच जिले के अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर नामकोम के अंचलाधिकारी ने रथ मेले का आनंद लेने की लोगों से अपील की है।

**********************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने झारखंड को एक और ट्रेन की सौगात दी है। गोड्डा से दौराई–अजमेर तक सीधी साप्ताहिक ट्रेन चलेगी। साप्ताहिक ट्रेन 22 कोच वाली होगी, जो दिल्ली, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गया जंक्शन होते जसीडीह, देवघर, मोहनपुर और हंसडीहा के रास्ते गोड्डा आयेगी। यह ट्रेन रविवार को अजमेर के दौराई से चलेगी और गोड्डा से मंगलवार को खुलेगी। रेलवे की समय सारणी के मुताबिक अजमेर से यह ट्रेन दोपहर साढ़े तीन बजे प्रस्थान करेगी जबकि गोड्डा से शाम पांच बजकर बीस मिनट पर प्रस्थान करेगी। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने इसके लिए रेल मंत्री के प्रति आभार जताया है।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 2020–21 के पेपर लीक मामले में आरोपी एजेंसी विंसेंट टेक्नोलॉजी को ब्लैकलिस्ट करने के जेएसएससी के आदेश को गलत करार देते हुए रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने जेएसएससी पर दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि जेएसएससी कंपनी की 61 लाख की बैंक गारंटी और 2 करोड़ 90 लाख रुपये के बकाया बिल को सात प्रतिशत ब्याज के साथ चार सप्ताह में भुगतान करें।

**********************

कोल इंडिया की सीसीएल समेत अन्य इकाइयों में कोयले के उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी काम किया जा रहा है। इसके तहत सीसीएल के बरका सयाल माइंस में सीएचपी साइलो तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने बताया कि इस तकनीक का इस्तेमाल कर कोयले की डिस्पैच टाइमिंग 3 घंटे से घटाकर 45 मिनट तक की गयी है।

**********************

हजारीबाग में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 107 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला के विभिन्न थानों में दर्ज मामलों में वारंट एवं कुर्की के आदेशों के अनुपालन के तहत की गई। इस विशेष अभियान के तहत 24 जून की रात्रि से 26 जून की सुबह तक विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की गई। एसपी

अंजनी अंजान ने कहा कि यह अभियान अपराधियों में भय और आम जनता में विश्वास कायम करने के लिए चलाया गया।

*********************

बोकारो के चास बाजार स्थित एक ज्वेलरी दुकान से डेढ़ करोड़ रुपए के जेवरात लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सिलसिले में छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि लूटकांड का मास्टरमाइंड पटना के बेऊर जेल में बंद कुख्यात अपराधी अविनाश श्रीवास्तव है, जो जेल से ही इस घटना को संचालित कर रहा था।

*********************

धनबाद से लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई के बीच चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन अब पूरे जुलाई महीने तक चलेगी।

*********************

राज्य में मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 92 प्रतिशत अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार एक जून से 25 जून तक राज्य में 139 दशमलव 9 मिलीमीटर के मुकाबले 268 दशमलव 7 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। इस बीच मौसम विभाग ने आज भी गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसांवा समेत कई अन्य जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

*********************

एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित प्रथम अंडर–18 राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कल से 1 जुलाई तक उत्तराखंड के हरिद्वार में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड की बालक और बालिका टीम हिस्सा लेगी। इसके लिए दोनों टीमों की घोषणा कर दी गयी है। बालिका वर्ग की टीम का नेतृत्व नमिता कुमारी करेंगी जबकि बालक टीम की कमान रितिक सिंह को सौंपी गयी है।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आज निकाली जाने वाली रथ यात्रा की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– शिबू सोरेन की हालत गंभीर, हाल जानने अस्पताल पहुंचीं राष्ट्रपति।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– शुभांशु आईएसएस पहुंचे, बोले– यह भारत की यात्रा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– झारखंड पुलिस भी जब्त करेगी आरोपियों की संपत्ति।

दैनिक जागरण लिखता है– सिद्धार्थ ने माना आईएएस विनय चौबे व अन्य अफसरों तक पहुंचाई थी रकम।

*******************